A

समग्र शिक्षा केरल

SECOND TERM EVALUATION 2023-2024

दूसरा कार्यकालांत मूल्यांकन

हिंदी

समय : 2 घंटे

कक्षा- 6

सामान्य निर्देश :

- ☐ पंद्रह मिनिट का कूल ऑफ टाइम प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।
- ☐ गतिविधि 1 का उत्तर लिखना अनिवार्य है।
- ☐ 2 से 6 तक की गतिविधियों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखें।

गतिविधि 1

सूचना : खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

चंदनवन में सभी जानवर मिलजुलकर रहते थे। वन में नदी के पास एक स्कूल था। जानवरों के सभी बच्चे वहाँ पढ़ने जाते थे। स्कूल का टीचर जंबो हाथी था। स्कूल के सभी बच्चे होशियार थे।

क) जानवर कहाँ रहते थे?

अ) सुंदरवन में आ) नंदनवन में

इ) अशोकवन में ई) चंदनवन में

ख) स्कूल कहाँ था?

अ) पहाड़ के पास आ) नदी के पास

इ) तालाब के पास ई) मैदान के पास

ग) स्कूल का टीचर कौन था?

अ) जंबो हाथी आ) चीकू खरगोश

इ) बल्लु भालू ई) मिटु बंदर

घ) स्कूल के बच्चे कैसे थे?

अ) बलवान आ) आलसी

इ) मूर्ख ई) होशियार

ङ) सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

अ) सभी जानवर चंदनवन में असंतुष्ट रहते थे।

आ) सभी जानवर चंदनवन में मिलजुलकर रहते थे।

इ) सभी जानवर चंदनवन में अलग-अलग रहते थे।

ई) सभी जानवर चंदनवन में निराश रहते थे।

गतिविधि 2

सूचनाः 'हिंदुस्तान हमारा' पाठ का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

भारत संसार का ऐसा ताज है, जिसकी चमक विश्व भर फैली है। इसकी खूबसूरत भौगोलिक झलक, समय-समय पर रंग बदलते अनोखे मौसम, शान बनी संपन्न संस्कृति सब इस ताज में जड़े हीरे हैं।

क) यहाँ किस देश का वर्णन है?

अ) भारत का आ) चीन का

इ) जापान का ई) अमरिका का

ख) खंड के आधार पर सही मिलान करें।

अनोखे मौसम	विश्व भर फैली है।
संपन्न संस्कृति	खूबसूरत है।
भारत की चमक	भारत की शान है।
भौगोलिक झलक	रंग बदलते हैं।

गतिविधि 3

सूचनाः 'मुरझाया फूल' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

यह मुरझाया हुआ फूल हैं,
इसका हृदय दुखाना मत।
स्वयं बिखरनेवाली उसकी,
पंखुड़ियाँ बिखराना मत।
गुज़रो अगर पास से इसके,
इसे चोट पहुँचाना मत।

क) कवितांश में किसका वर्णन है?

अ) खिले हुए फूल का आ) मुरझाए हुए फूल का

इ) ताज़ा फूल का ई) पीले फूल का

ख) इनमें से **दो सही प्रस्ताव** चुनकर लिखें।

अ) मुरझाए हुए फूल का हृदय नहीं दुखाना है।

आ) मुरझाए हुए फूल का हृदय दुखाना है।

इ) मुरझाए हुए फूल की पंखुड़ियों को नहीं बिखराना है।

ई) मुरझाए हुए फूल की पंखुड़ियों को बिखराना है।

ग) **'मुरझाए हुए फूल के पास से गुज़रने पर उसे चोट मत पहुँचाना'** -यह आशयवाली पंक्तियाँ कवितांश से चुनकर लिखें।

गतिविधि 4

सूचना : 'इंसानियत की मिसाल' पाठ का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> बद्रीनाथ : उत्तराखंड में आए सैलाब ने बद्रीनाथ में भी जमकर तबाही मचाई। हज़ारों तीर्थयात्री बुरी तरह फँस गए थे। इस घोर प्रलय में सब कुछ बह गया, लेकिन इंसानियत रह गई।

क) सैलाब ने कहाँ जमकर तबाही मचाई?

ख) **'दुनिया में इंसानियत बनाए रखें'** - यह संदेश देते हुए एक **पोस्टर** तैयार करें।

गतिविधि 5

सूचना : 'नन्हा उल्लू' पाठ का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> अगली रात नन्हे उल्लू ने अपनी अम्मा से पूछा- "समुद्र कितना गहरा है?" "बहुत गहरा," अम्मा बोली। "कितना गहरा?" नन्हे उल्लू ने पूछा। अम्मा आसमान की ओर देखने लगी। "लगभग उतना ही गहरा है, जितना ऊँचा आसमान है।" अम्मा बोली। नन्हा उल्लू ऊपर देखने लगा। वह पूरी रात पेड़ पर बैठा रहा।

क) नन्हा उल्लू पूरी रात कहाँ बैठा रहा?

ख) अम्मा उल्लू और नन्हे उल्लू के बीच का **वार्तालाप** तैयार करें।

नन्हा उल्लू : अम्मा, एक बात पूछूँ?

अम्मा उल्लू : हाँ, पूछो।

नन्हा उल्लू : ....

अम्मा उल्लू : ....

नन्हा उल्लू : ....

अम्मा उल्लू : ....

गतिविधि 6

सूचनाः ये चित्र 'दो भाई' कहानी से संबंधित हैं। चित्रों के अनुसार वाक्यों को क्रमबद्ध करें।



- उन्होंने आधा-आधा गेहूँ बाँट लिया।
- दो भाई थे।
- दोनों फसल लेकर घर चले।
- वे साझा खेती करते थे।
- दोनों ने मिलकर फसल काटी।